2836(E)
29/04/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक–28/4/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, अरवल के अन्तर्गत मानिकपुर–बिथरा–सेनारी पथ (कुल लम्बाई–12.00 कि०मी०) का मजबूतीकरण कार्य वर्ष 2019–20 के द्वितीय समयवृद्धि का प्रस्ताव जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थिति :**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

**2.** मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1327(अनु०) दिनांक–24.04.2026 के द्वारा विषयांकित कार्य के समयवृद्धि स्वीकृति हेतु प्राप्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं विहित प्रपत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | मानिकपुर–बिथरा–सेनारी पथ (कुल लम्बाई–12.00 कि०मी०) का मजबूतीकरण कार्य वर्ष 2019–20 |
| 2.2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2387.28 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–8537(एस०) दिनांक–16.09.2019 |
| 2.3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2047.35 लाख।<br>मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–924(अनु०) दिनांक–26.12.2019 |
| 2.4 | एकरारनामा संख्या | : | 01/SBD/2020-21 |
| 2.5 | एकरारनामा की राशि | : | ₹16,57,52,675.00 |
| 2.6 | संवेदक का नाम | : | M/s Waris Buildcon (I) Pvt. Ltd. |
| 2.7 | एकरारनामा के अनुसार कार्यारम्भ की तिथि | : | 27.05.2020 |
| 2.8 | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि | : | 26.11.2021 |
| | प्रथम समयवृद्धि के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि | : | 31.03.2024 |
| 2.9 | माँग की गई द्वितीय समयवृद्धि की तिथि | : | 30.04.2026 |

3. **<u>समयवृद्धि का कारण</u>** :–

विषयांकित कार्य के समयवृद्धि के संबंध में कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, अरवल के द्वारा समयवृद्धि देने के संबंध में निम्नलिखित कारण बताया गया है:–

पथ में अबतक लगभग 94% कार्य पूर्ण करा लिया गया है। पथ के 10वें कि०मी० में अवस्थित ओर बिगहा ग्राम वासियों यथा (i) विरेन्द्र शर्मा (ii) राधेश्याम शर्मा (iii) रामजी शर्मा (iv) रामकुमार शर्मा (v) चन्द्रभूषण शर्मा (vi) नागेन्द्र शर्मा द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया गया है और कार्य को कई बार बंद कर दिया गया। दिनांक–01.04.2024 तक कार्य बिल्कुल ही बाधित रहा।

(ii) जिला पदाधिकारी, अरवल/पुलिस अधीक्षक, अरवल को दिए गए पत्रांक–632 दिनांक–13.12.2024 एवं अंचल अधिकारी, सोनभद्र बंशी सूर्यपुर को दिए गए पत्रांक–633 दिनांक–13.12.2024 के आलोक में ओर बिगहा ग्रामीणों द्वारा किए गए Encroachment हटाया गया। तदनुसार कार्य प्रारम्भ कराया गया, परन्तु पुनः उल्लेखित ग्रामीणों द्वारा यह कह कर कार्य बाधित किया गया कि सर्वप्रथम और बिगहा ग्राम का Encroachment पूर्णतः हटाया जाय, तभी पथ के अन्य हिस्सों में कार्य किया जाय। मामला विवादित होने के कारण अंचल अधिकारी, सोनभद्र वंशी सूर्यपुर द्वारा थाना प्रभारी बंशी एवं अन्य के उपस्थिति में स्थल का मापी कराकर उनके पत्रांक–130 दिनांक–31.01.2025 द्वारा विस्तृत जाँच/मापी प्रतिवेदन समाहर्त्ता, अरवल को भेजी गयी, परन्तु मापी का फलाफल शून्य रहने के कारण अन्य स्थलों पर भी कार्य नहीं कराया जा सका और इस प्रकार पुनः कार्य 13.12.2024 से 31.07.2025 तक बाधित हो गया।

(iii) दिनांक–31.07.2025 से 31.10.2025 बरसात के कारण भी कार्य बाधित रहा।

(iv) अंचल, अधिकारी, सोनभद्र वंशी सूर्यपुर का पत्र–800 दिनांक–20.12.2025 से पुनः Alignment का विवाद कर आंशिक रूप से कार्य बाधित करने का प्रयास किया गया, परन्तु प्रशासन के मदद से धीमी गति से कार्य भी चलता रहा। इस पत्र का विखण्डन भी इस कार्यालय का पत्रांक–95(अनु०) दिनांक–13.02.2026 के माध्यम से कर दिया गया।

(v) दिनांक–31.10.2025 से अबतक दिनांक–15.02.2026 तक उपर्युक्त Table अनुसार पथ कार्य लगभग 94% पूर्ण करा लिया गया है। सम्यक् विचारोपरान्त् इस कार्यालय का पत्रांक–492 दिनांक–30.12.2025 द्वारा समयवृद्धि हेतु वाँछित कागजातों सहित प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया, तद्नुसार शेष कार्य 30.04.2026 तक पूर्ण करने हेतु संवेदक का शपथ–पत्र प्राप्त है।

4. **<u>अधीक्षण अभियंता का मन्तव्य</u>**:–

विषयांकित कार्य के समयवृद्धि के संबंध में अधीक्षण अभियंता के द्वारा प्रतिवेदित है कि – एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 27.05.2020 एवं निर्माण कार्य समाप्ति की तिथि 26.11.2021 थी। पूर्व में प्रथम समयवृद्धि दिनांक–31.03.2024 तक प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्य में ग्रामीणों द्वारा किये गये Encroachment तथा Local Public Hindrance के कारण हुए विलम्ब के फलस्वरूप दिनांक–30.04.2026 तक के लिए द्वितीय समयवृद्धि प्रदान किये जाने हेतु प्रस्ताव अंचल कार्यालय में अनुशंसा सहित समर्पित किया गया है, जिसे अनुशंसा के साथ मूल में अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु समर्पित किया जाता है।

5. **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय</u>** :–

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त् कार्यहित में विषयांकित कार्य का समयवृद्धि दिनांक–01.04.2024 से 30.04.2026 तक स्वीकृत करने की अनुशंसा इस शर्त्त के साथ की जाती है कि विस्तारित अवधि में संवेदक को Price Escalation का लाभ एवं कोई अन्य वित्तीय दावा मान्य नहीं होगा, परन्तु यदि विस्तारित अवधि का Price Index एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि के Price Index से कम हो तो Price Neutralization हेतु विस्तारित अवधि का Price Index लागू होगा।

6. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णय</u> :–

6.1 मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1327(अनु०) दिनांक–24.04.2026 द्वारा प्राप्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में पथ प्रमंडल, अरवल के अन्तर्गत मानिकपुर–बिथरा–सेनारी पथ (कुल लम्बाई–12.00 कि०मी०) का मजबूतीकरण कार्य वर्ष 2019–20 (एकरारनामा संख्या–01/SBD/2020-21) हेतु दिनांक–30.04.2026 तक द्वितीय समयवृद्धि की स्वीकृति इस शर्त्त के साथ प्रदान की जाती है कि विस्तारित अवधि में संवेदक को Price Escalation का लाभ एवं कोई अन्य वित्तीय दावा मान्य नहीं होगा, परन्तु यदि विस्तारित अवधि का Price Index/Rate एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि से कम हो तो Price Neutralization हेतु विस्तारित अवधि का Price Index/Rate लागू होगा।

6.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

(मजीद अहमद)
आन्तरिक
वित्तीय सलाहकार
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

(राजकुमार)
मुख्य अभियंता,
दक्षिण,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर
आयुक्त–सह–विशेष सचिव
(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–प्र०–7/विविध–04–09/2026 2836(E) पटना, दिनांक 29/04/2026

**प्रतिलिपि** :– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, मगध पथ अंचल, गया जी/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, अरवल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।